# सीवर लाइन के कार्य का निरीक्षण

शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** नगरायुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के सफाई जोन-2 में कटिया टोला व सफाई जोन-4 में मस्जिदगंज, रंगमहला, छोटा चौक, बक्सरियां, घूरन तलैय्या, भारद्वाजी में संचारी रोग अभियान के तहत वृहद् स्तर पर कराये जा रहे कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

नगर आयुक्त द्वारा अपनी देखरेख में सफाई के कार्य व एण्टीलार्वा के छिड़काव के कार्य को कराया गया, सीवर लाइन के कार्य का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त ने महिला सादिका देवी पत्नी अकबर मो0 ककरा को क्षेत्र में कचरा बीनते हुये पाया गया, जिसे देख नगर आयुक्त महिला से वार्ता



कर कचरा बीनने के बारे में जानकारी चाही गई, महिला सादिका देवी पत्नी अकबर द्वारा बताया गया कि गरीब होने के कारण यह कार्य करना पड़ता है। जिस पर नगर आयुक्त द्वारा महिला को ककरा क्षेत्र में बने मैटेरियल फैसेलिटी सेन्टर में कार्य करने के लिये प्रात्साहित किया गया व घर का खर्च भी चल सकें इसके लिये आय का साधन भी उपलब्ध कराने के लिये कहा गया। क्षेत्र से निकल रहें पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लाभान्वित स्ट्रीट वेन्डर राजेन्द्र बाबू पुत्र राजाराम नि0 मदराखेल से उनके द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत किये जा रहें कार्यो के बारे में पूछा गया व उनके सम्पर्क में रहने वाले गरीब व बेरोजगार लोगों के बारे जानकारी देने के लिये कहा गया, जिससे उन्हें भी पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण उपलब्ध कराकर सभी को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।